संख्या-2/2016/रिट-43/चौदह-3-16-499(269)/2015

प्रेषक,

मोहम्मद जुनीद,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
उ0प्र0 लखनऊ।

वन एवं वन्य जीव अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 02 मार्च, 2016

विषय:- रिट याचिका सं0- 1139/एस0बी0/2015 योगेन्द्र कुमार तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 22.12.2015 के अनुपालन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्रांक-ई0शा0-751/2-1244, दिनांक 28.01.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें रिट याचिका सं0- 1139/एस0बी0/2015 योगेन्द्र कुमार तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 22.12.2015 के परिप्रेक्ष्य में उ0प्र0 वन विभाग क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा नियमावली 2009 में संशोधन का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वज़रा सम्यक विचारोपरान्त वन एवं वन्य जीव विभाग में सृजित निम्नलिखित पदों के प्रचलित हिन्दी अनुवाद के स्थान पर तत्काल प्रभाव से भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 18.12.2009 के निम्नानुसार हिन्दी अनुवाद लागू करने का निर्णय लिया गया है।

क्र0सं0	**अंग्रेजी**	**प्रचलित हिन्दी**	**परिवर्तित हिन्दी अनुवाद**
1	**2**	**3**	**4**
1	Principal Chief Conservator of Forest and Head of Department	**उ0प्र0**	**प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष**
2	Principal Chief Conservator of Forest (Wildlife)/Chief wildlife Warden	**जीव**	**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव)/मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक**
3	Additional Principal Chief Conservator of Forests, Project	अपर प्रमुख वन संरक्षक, परियोजना	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना
4	Additional Principal Chief Conservator of Forests, Working Plan, Research	अपर प्रमुख वन संरक्षक, कार्यालय, अनुसंधान एवं	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्ययोजना,

http://bhsaiadesh.up.nic.in/

	and Training	प्रशिक्षण	अनुसंधान एवं प्रशिक्षण
5	Additional Principal Chief Conservator of Forests, planning and Agro Forestry	अपर प्रमुख वन संरक्षक, योजना एवं कृषि वानिकी	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना एवं कृषि वानिकी,
6	Additional Principal Chief Conservator of Forests, Audit and Non-Plan	अपर प्रमुख वन संरक्षक, लेखा परीक्षा और गैर-योजना	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लेखा परीक्षा और गैर-योजना
7	Additional Principal Chief Conservator of Forests, Information Technology	अपर प्रमुख वन संरक्षक, सूचना प्रोद्योगिकी	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सूचना प्रोद्योगिकी

3- आपसे अनुरोध है कि शासकीय पत्राचार व अन्य शासकीय/विधिक प्रयोजनों हेतु कालम-2 में अंकित अंग्रेजी पदनाम के लिए कालम-3 में उल्लिखित प्रचलित हिन्दी अनुवाद के स्थान पर कालम-4 में उल्लिखित हिन्दी अनुवाद का प्रयोग किया जाय। इस संबंध में कृपया अपने स्तर से सर्व संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

4- आपसे यह भी अनुरोध है कि उपरोक्त परिवर्तित पदनाम के फलस्वरूप वन एवं वन्य जीव विभाग के जिन-जिन नियमावलियों में संशोधन वांछित हो, उनके संशोधन का युक्तिसंगत प्रस्ताव शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मोहम्मद जुनीद)
संयुक्त सचिव।

संख्या- रिट 42/चौदह-3-16-तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वन एवं वन्य जीव विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, सचिव, वन एवं वन्य जीव विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, विशेष सचिव, वन एवं वन्य जीव विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनुसचिव, वन एवं वन्य जीव विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. वन एवं वन्य जीव अनुभाग-1/2/4 एवं 5
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मोहम्मद जुनीद)
संयुक्त सचिव।

http://silvasanadesh.up.nic.in/